पूरक परीक्षा प्रथमा तृतीय वर्ष वार्षिक परीक्षा 2025-26

प्राश्निक कोड क्र. 8/2601 कक्षा - 8वीं पृष्ठ क्र. - 1

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
[1] उत्तर (i)	(a) पेशीय बल	1×5=5 अंक
(ii)	(a) ऑक्सीजन	प्रत्येक 1 अंक
(iii)	(a) खरपतवार	
(iv)	(b) भूकम्प	
(v)	(c) किशोरावस्था	
[2] उत्तर (i)	खरीफ फसल	1×6=6 अंक
(ii)	जीवाश्म ईंधन	
(iii)	रेड डाटा पुस्तक	प्रत्येक 1 अंक
(iv)	मुकुलन	
(v)	प्रतिकर्षित	
(vi)	परावर्तन कोण	
[3] उत्तर (i)	सत्य (iv) असत्य	1×6=6 अंक
(ii)	असत्य (v) असत्य	प्रत्येक 1 अंक
(iii)	सत्य (vi) सत्य	
[4] उत्तर (i)	रासायनिक उर्वरक - (c) यूरिया एवं सुपर फॉस्फेट	1×5=5 अंक
(ii)	यीस्ट - (d) ब्रेड की बेकिंग	प्रत्येक 1 अंक
(iii)	एक प्रोटोजोआ - (e) मलेरिया का कारक	
(iv)	जीवाणु - (a) हैजा का कारक	
(v)	राइजोबियम - (b) नाइट्रोजन स्थिरीकरण	

हस्ताक्षर

P.T.O

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश :-

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
[5] उत्तर	उचित समय एवं विभिन्न अन्तराल पर खेत में जल देना सिंचाई कहलाता है।	③ अंक
	अथवा	
	कोलतार के उपयोग :	
(i)	छत निर्माण सामग्री में	
(ii)	कीटों को भगाने वाली नेफ्थलीन की गोलियाँ बनाने में।	
[6] उत्तर	वायुमण्डलीय वायु पृथ्वी के तल से कई किलोमीटर ऊपर तक फैली हुई है। इस वायु द्वारा लगाए गए दाब को वायुमण्डलीय दाब कहते हैं।	③ अंक
	अथवा	
	घर्षण को प्रभावित करने वाले कारक	
(1)	दोनों सम्पर्क पृष्ठों की आकृति एवं प्रकृति,	
(2)	सम्पर्क पृष्ठों का क्षेत्रफल	
(3)	सम्पर्क पृष्ठों की अनियमितताएँ आदि।	
[7] उत्तर	विद्युत द्वारा किसी पदार्थ पर वांछित धातु की परत निक्षेपित करने की प्रक्रिया को विद्युत लेपन कहते हैं। उदाहरण - नकली आभूषण, दरवाजों के हैण्डिल।	③ अंक

हस्ताक्षर

अथवा

P.T.O

प्राश्निक कोड क्र.8/2607

पृष्ठ क्र. - 3
प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
	अथवा	
[7] उत्तर	गीले फर्श पर खड़े होकर विद्युत उपकरणों को छूना खतरनाक होता है, क्योंकि इससे हमें बिजली का झटका लग सकता है तथा हमारी जान भी जा सकती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जल एवं हमारा शरीर विद्युत का अच्छा सुचालक है। अत: विद्युत धारा हमारे शरीर से होते हुए जमीन में स्थानान्तरित हो जाएगी।	
[8] उत्तर	ज्वलन ताप :- वह न्यूनतम तापमान जिस पर कोई वस्तु जलने लगती है, ज्वलन ताप कहलाता है।	③ अंक
	अथवा	
	किसी ईंधन के 1 किलोग्राम के पूर्ण दहन से प्राप्त ऊष्मा ऊर्जा की मात्रा उसका ऊष्मीय मान कहलाती है।	
[9] उत्तर	सूक्ष्मजीवों के मुख्य वर्ग निम्नलिखित है	③ अंक
(1)	जीवाणु (2) कवक (3) प्रोटोजोआ	
(4)	शैवाल (5) विषाणु।	
	अथवा	
	सूक्ष्मजीवों द्वारा होने वाले ऐसे रोग जो एक संक्रमित व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति में वायु, जल, भोजन अथवा कायिक सम्पर्क द्वारा फैलते है, संचरणीय रोग कहलाते हैं।	

हस्ताक्षर

P.T.O

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय – 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश –

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
[10] उत्तर	सर्दियों में जब हम स्वेटर उतारते हैं तो वह हमारी त्वचा से रगड़ खाकर आवेशित हो जाता है। स्वेटर पर आवेश आने के कारण चट-चट की आवाज सुनाई देती है तथा चिंगारी भी दिखाई देती है। अथवा जीवनकाल की वह अवधि जब शरीर में ऐसे परिवर्तन होते हैं जिसके परिणाम स्वरुप जनन परिपक्वता आती है, किशोरावस्था कहलाती है।	③ अंक
[11] उत्तर	रेड डाटा पुस्तक एक ऐसी पुस्तक है जिसमें संकटापन्न स्पीशीज का रिकॉर्ड रहता है पौधों, जन्तुओं और अन्य स्पीशीज के लिए अलग-अलग रेड डाटा पुस्तकें होती हैं। इस पुस्तक की आवश्यकता इसलिए है कि इससे उन स्पीशीज की जानकारी मिल जाती है जो विलुप्त होने के कगार पर है, जैसे- गैंडा, घड़ियाल आदि। अथवा हमें जैव विविधता के संरक्षण की अत्यन्त आवश्यकता है क्योंकि इसके कारण ही	⑤ अंक

हस्ताक्षर

P.T.O

प्राश्निक कोड क्र. 8/2607

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश :-

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
	पृथ्वी पर हमारा जीवन है। इसके द्वारा पर्यावरण प्रभावित होता है। इसका दुष्प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है।	
(12) उत्तर	ऐसी औषधियाँ जो बीमारी पैदा करने वाले सूक्ष्मजीवों को नष्ट कर देती है अथवा उनकी वृद्धि को रोक देती है, प्रतिजैविक कहलाती है। ऐसी औषधियों का स्रोत सूक्ष्मजीव होते हैं।	(5) अंक
	प्रतिजैविक लेते समय सावधानियाँ :-	
(1)	प्रतिजैविक दवाएँ डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही लेनी चाहिए।	
(2)	आवश्यकता न होने पर प्रतिजैविक का उपयोग नहीं करना चाहिए।	
(3)	अनावश्यक रूप से ली गई प्रतिजैविक शरीर में उपस्थित उपयोगी जीवाणुओं को नष्ट कर देती है।	
(4)	सर्दी-जुकाम एवं फ्लू में प्रतिजैविक का उपयोग नहीं करना चाहिए।	
	अथवा	
	हमारे जीवन में उपयोगी सूक्ष्मजीव :-	
(1)	सूक्ष्मजीवों का उपयोग पर्यावरण को स्वच्छ रखने में किया जाता है।	
(2)	जीवाणुओं का उपयोग औषधि बनाने में किया जाता है।	

हस्ताक्षर

P.T.O

प्राश्निक कोड क्र. 8/2607

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
(3)	इनका उपयोग टीका बनाने में किया जाता है।	
(4)	इनका उपयोग ब्रेड, केक एवं दही आदि बनाने में किया जाता है।	
(5)	ये पौधों को रोगो से बचाने में भी सहायक है।	
(6)	ये किण्वन प्रक्रिया में सहायक है।	
(7)	ये शराब, एल्कोहॉल, ऐसीटिक अम्ल आदि बनाने में सहायक है।	
13 उत्तर	फसल :- किसी स्थान पर बड़े पैमाने पर उगाये जाने वाले एक ही प्रकार के पौधे फसल कहलाते है।	5 अंक
	फसलों का वर्गीकरण :-	
(1)	खरीफ की फसल :- (जून से सितम्बर) इसमें धान, मक्का, सोयाबीन, मूँगफली, कपास इत्यादि फसल आती है।	
(2)	रबी की फसल :- (अक्टूबर से मार्च) इसमें गेहूँ, चना, सरसों, अलसी एवं दालें इत्यादि की फसल आती है।	
	अथवा	
	खरपतवार :- खेत में फसल के साथ कुछ अवांछित पौधे उग आते है, इन पौधों को खरपतवार कहते है। इनको हटाना आवश्यक होता है अन्यथा ये फसल	

हस्ताक्षर

P.T.O

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय: विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड: 0806 माध्यम: हिन्दी

कुल प्रश्न: 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक: 80

निर्देश-

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक

की वृद्धि में बाधा डालते हैं। पशुओं और मनुष्यों के लिए ये विषैले भी हो सकते हैं। इनका नियन्त्रण निम्न प्रकार किया जा सकता है-

(1) फसल उगाने से पहले खेत जोतकर इन्हें नष्ट किया जा सकता है।

(2) पुष्पन एवं बीज बनने से पहले इन्हें हाथ से, खुरपी से या हैरो की सहायता से हटाया जा सकता है।

(3) खेतों में खरपतवारनाशी रसायनों का उपयोग करके इन पर नियन्त्रण किया जा सकता है।

[14] उत्तर मोमबत्ती की ज्वाला का चित्र (5) अंक



हस्ताक्षर

P.T.O

प्राश्निक कोड क्र. 8/2607

पृष्ठ क्र. - 8
प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश -

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
	अथवा	
[14] उत्तर (i)	सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला हो।	
(ii)	ईंधन वायु में सामान्य दर से सुगमतापूर्वक जलता होना चाहिए।	
(iii)	वह अधिक मात्रा में ऊष्मा उत्पन्न करता हो।	
(iv)	जलने के उपरान्त कोई अवांछनीय पदार्थ नहीं छोड़ता हो।	
[15] उत्तर	अलैंगिक जनन :- वह जनन जिसमें केवल एक ही जनक नए जीव को जन्म देता है, अलैंगिक जनन कहलाता है। इसमें दो लिंगों की आवश्यकता नहीं होती। अलैंगिक जनन की दो विधियाँ :-	(5) अंक
(1)	मुकुलन :- वह जनन जिसमें जनक में एक या अधिक उभार विकसित होकर नए जीव को जन्म देते हैं, मुकुलन कहलाता है, जैसे- हाइड्रा में जनन।	
(2)	द्विखण्डन :- वह जनन जिसमें जीव विभाजित होकर दो संतति उत्पन्न करता है, द्विखण्डन कहलाता है, जैसे - अमीबा में जनन।	
	अथवा	

हस्ताक्षर

P.T.O

प्रारिनक कोड क्र. 8/2607

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
	अथवा	
(15) उत्तर	**आन्तरिक निषेचन** | **बाह्य निषेचन** वह निषेचन जो मादा के शरीर के अन्दर होता है, आन्तरिक निषेचन कहलाता है। जैसे - मानव, मुर्गी, गाय, कुत्ता आदि में निषेचन | वह निषेचन जो शरीर के बाहर होता है, बाह्य निषेचन कहलाता है। जैसे - जलीय प्राणियों में निषेचन।	
[16] उत्तर	बल :- बल वह कारक है, जो किसी वस्तु के आकार, आकृति, उसकी गति एवं दिशा में परिवर्तन कर देता है या परिवर्तन करने की कोशिश करता है। उदाहरण → सम्पर्क बल : तीर की गति की अवस्था में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी बल। असम्पर्क बल : चुम्बक द्वारा लोहे के टुकड़ों पर लगाया गया बल। अथवा घर्षण शत्रु है - घर्षण के हानिकारक प्रभाव : (1.) घर्षण से मशीनों के पुर्जे घिस जाते है। (2.) मशीनों की दक्षता घट जाती है। (3) मशीनों को दी गई ऊर्जा का कुछ भाग ऊष्मा के रूप में व्यय हो जाता है।	(5) अंक

हस्ताक्षर

P.T.O

प्राश्निक कोड क्र. 8/2607

पृष्ठ क्र. - 10
प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
	घर्षण मित्र है - घर्षण अनिवार्य है, क्योंकि	
(1)	घर्षण के बिना हम चल नहीं सकते।	
(2)	घर्षण के कारण ही हम दीवार पर कील ठोंक पाते है।	
(3)	भोजन का चबाना भी घर्षण के कारण है	
(4)	घर्षण के कारण लिखना सम्भव है।	
(5)	माचिस की तीली घर्षण के कारण ही आग उत्पन्न करती है।	
[17] उत्तर	किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों की सूची -	5 अंक
(1)	लम्बाई में वृद्धि (2) स्वर में परिवर्तन	
(3)	शारीरिक आकृति में परिवर्तन	
(4)	जनन अंगों का विकास	
(5)	मानसिक, बौद्धिक एवं संवेदनात्मक परिपक्वता।	
	अथवा	
	तड़ित चालक एक ऐसी युक्ति है जिसका उपयोग भवनों को तड़ित के प्रभाव से बचाने के लिए किया जाता है।	
	किसी भवन के निर्माण के समय उसकी दीवार में उस भवन की ऊँचाई से अधिक लम्बाई की धातु की छड़ स्थापित कर दी जाती है। इस छड़ का एक सिरा वायु में ऊपर खुला रखा जाता है तथा दूसरे सिरे पर	

हस्ताक्षर

धातु की एक प्लेट लगाकर जमीन में काफी गहराई तक दबा देते है। धातु की यह छड़ आवेश को जमीन तक पहुँचाती है। इससे भवन सुरक्षित बना रहता है।

P.T.O

प्राश्निक कोड क्र. 8/2607

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय विज्ञान एवं भारतीय विज्ञानम् विषय कोड 0806 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 18

समय - 3 घण्टा पूर्णांक 80

निर्देश -

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक
18 उत्तर	ध्वनि प्रदूषण :- वातावरण में अत्यधिक या अवांछित ध्वनियों को ध्वनि प्रदूषण कहते हैं।	5 अंक
	ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख कारण -	
(1)	निर्माण स्थल से आने वाली ध्वनियाँ।	
(2)	बसों और ट्रकों के हॉर्न से उत्पन्न ध्वनियाँ।	
(3)	टी॰ वी॰ के चलने, रेडियो तथा लाउडस्पीकर के उच्च आवाज में बजने से उत्पन्न ध्वनियाँ।	
(4)	पटाखों के फटने से उत्पन्न ध्वनि।	
(5)	कारखानों में मशीनों के चलने से उत्पन्न ध्वनि।	
	अथवा	
	नेत्रों की देखभाल हेतु प्रमुख सावधानियाँ :-	
(1)	नेत्रों से सम्बन्धित कोई समस्या होने पर हमें नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।	
(2)	हमें नेत्रों की नियमित जाँच कराते रहना चाहिए।	
(3)	बहुत अधिक और बहुत कम प्रकाश नेत्रों के लिए हानिकारक है।	
(4)	हमें सूर्य अथवा शक्तिशाली प्रकाश स्रोत को कभी भी सीधा नहीं देखना चाहिए।	
(5)	हमें पठन-सामग्री अथवा पुस्तक को सदैव दृष्टि की सामान्य दूरी पर रखना चाहिए।	
(6)	हमें अपने नेत्रों को कभी नहीं रगड़ना चाहिए।	

हस्ताक्षर

प्राश्निक कोड क्र............

पृष्ठ क्र.-

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय.. विषय कोड.......................... माध्यम..........................

कुल प्रश्न..........................

समय - 3 घण्टा

पूर्णांक..........

निर्देश

प्रश्न क्रमांक		प्रश्न के लिए अधिकतम अंक

हस्ताक्षर..........................